हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 10 मई 2024



11 महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में...



12 सड़कों पर किए गए निर्माण को तोड़ा, लोगों...











## खबर संक्षेप

### चोरी के बढ़ रहे मामले बलियाली में फिर चोरी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलके में चोरों ने अपनी उपस्थिति में इजाफा करते हुए फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया। गांव बलियाली निवासी महाबीर ने बताया कि उसका खेत बलियाली में गांधी नगर तोशाम रोड पर बलियाली माइनर पुल के पास है। रविवार को उसके खेत से अज्ञात लोगों के द्वारा ओसवाल कंपनी की साढ़े सात एचपी की मोटर चुरा ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



**भिवानी।** बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव जिला .रेवाड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सहारनवास का निरीक्षण करते हुए।

### बोर्ड अध्यक्ष ने किया रावमावि का निरीक्षण

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ.वीपी यादव ने आज जिला रेवाड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सहारनवास का शिक्षा की गुणवत्ता को परखने के उद्देश्य से निरीक्षण किया। बोर्ड अध्यक्ष द्वारा कक्षाओं में जाकर अध्यापकों द्वारा किए जा रहे अध्यापन कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों की समस्याओं को सुना, समझा एवं उन्हें दूर करने के लिए अपने सुझाव दिए।

# पशुओं की आरामगाह बना हुडा पार्क अब खच्चर और घोड़े करते हैं विचरण

## पार्क की रैलिंग टूटी, हरियाली ही नहीं पगडंडियां भी गायब होने लगेंगी

- बार-बार शिकायत करने पर भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** हुडा पार्क में विचरण करते घोड़े-खच्चर और पार्क में बने शौचालय पर लगा ताला। फोटो : हरिभूमि

शायद सुनने में आपकों को अटपटा लगेगा,लेकिन यह सौ फीसदी सत्य है। जिस पार्क में लोगों को टहलना चाहिए। उस हुडा पार्क में अब लोगों की जगह घोड़े व खगार विचरण करते है। पार्क की यह स्थिति पिछले छह माह से बनी है। पार्क की रैलिंग टूटने से पार्क में घोड़े ही नहीं बल्कि आवारा पशु भी विचरते है। ऐसे में पार्क में किस तरह से हरियाली बच पाएगी। हैरानी की बात यह है कि इस बारे में क्षेत्र के लोगों ने कई बार हुडा के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार हुडा पार्क की रैलिंग टूटने की वजह से रोजाना एक से डेढ दर्जन आवारा पशु विचरण करते है। आवारा पशुओं के अलावा पार्क में शहर के खगार व घोड़े भी पूरे दिन घुमते रहते है। आवारा पशुओं की वजह से पार्क की हरियाली पूरी तरह से खतम होती जा रही है। पार्क के पौधें भी टूटते जा रहे है।

आवारा पशुओं की वजह से पार्क में बनी पगडंडियां भी जर्जर होती जा रही है। क्योंकि जिन पगडंडियों से आवारा पशु निकलते है। वहां से रोड़ियां व टेल आदि टूट रहे हैं। जल्द पार्क की सुध नहीं ली तो हरियाली ही नहीं पगडंडियां भी गायब होने लगेगी।

### फुव्वारें भी दे रहे जवाब

जिस वक्त पार्क का निर्माण करवाया गया था। उस वक्त पार्क में फुव्वारों की वजह से रौनक थी,लेकिन अब सभी फुव्वारें शांत है। फुव्वारों के न चलने की वजह से पार्क की हरियाली गायब होने लगी है। फिलहाल पार्क दुर्दिनों के दौर से गुजर रहा है। इसी तरह पार्क में बना वॉशरूम भी दुर्दिनों के दौर में है। सफाई न होने व पानी की सप्लाई कम पहुंचने की वजह से व्यवस्था बेहद खराब बनी है।

### पार्षद ने कार्यकारी अभियंता से की शिकायत

हर जगह हार व थकने के बाद शहर के लोगों ने पार्षद संदीप यादव से शिकायत की। लोगों की शिकायत मिलने के बाद पार्षद ने हुडा के कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह से सम्पर्क किया और पार्क की दयनीय हालत की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को बताया कि लोगों ने शिकायत की थी कि पार्क में अनेक घोड़े व खच्चर विचरण करते है। रैलिंग टूटी होने की वजह से आवारा पशु भी पार्क में घुस रहे है कि शिकायत मिलने के बाद वे खुद पार्क में गए और हालात देखे। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को बताया कि आवारा पशुओं की वजह से पार्क अपना वजूद खोता जा रहा है। लोगों के घुमने के लायक नहीं बचेगा। वे इस बारे में कनिष्ठ अभियंता से मोबाइल फोन पर सम्पर्क साधते है तो वे फोन नहीं उठाते है। इस पर कार्यकारी अभियंता ने शीघ्र कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

### उपन्यासकार रवींद्रनाथ ठाकुर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बांग्ला भाषा के महान कवि, साहित्यकार एवं उपन्यासकार रवींद्र नाथ ठाकुर का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्राचार्य पंकज मिश्रा, हिंदी व अंग्रेजी विभाग के अध्यापकों व अध्यापिकाओं द्वारा कवि रवींद्र नाथ ठाकुर के चित्र पर पुष्पार्पण से किया गया। इस अवसर पर कक्षा नौवीं की छात्रा प्राची ने भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि उनका जन्म कोलकाता में 1861 में हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि प्रातः कालीन सभा में गाया जाने वाला राष्ट्रीय गान जन गण मन कवि रवींद्र नाथ ठाकुर द्वारा रचित है। छात्रा गुंजन एवं अनुष्का द्वारा कविता के माध्यम से अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज मिश्रा ने रवींद्र नाथ ठाकुर द्वारा रचित गीत एकला चलो रे्श का अर्थ स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रेरित किया।



**बवानीखेड़ा।** उठान न होने की वजह से मंडियों पर पड़ा अनाज। फोटो : हरिभूमि

# उठान नहीं होने से आढ़तियों का गुस्सा सातवें आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

**रोष**
- आढ़तियों ने मुख्यमंत्री और अनाज मंडी के अधिकारियों को लिखा पत्र
- गेहूं के आठ लाख कट्टों में से सिर्फ पांच लाख की ही उठान हुआ

बवानीखेड़ा अनाज मंडी में गेहूं उठान न होने को लेकर आढ़तियों व किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया इसी को लेकर आढ़तियों ने मुख्यमंत्री सहित अनाज मंडी के अधिकारियों को पत्र लिखा। पत्र में मंडी प्रधान सुखबीर सिंहए विकास प्रवीणए संदीप कुमार राजू आदि ने बताया कि अनाज मंडी में लगभग आठ लाख कट्टे आए हुए हैं इसमें से 2 लाख कटटे का उठान एफसीआई बवानी खेड़ा में हुआ और 2 लाख कटटे एफसीआई लाडवा तथा एक लाख कटटे उमरा एफसीआई में हुआ है।

हालिया साढ़े तीन लाख कटटे का उठान बाकि है। इसमें से एक लाख कटटे बवानी खेड़ा मंडी के हैफेड गोदाम में लगाने की जगह है और 2 लाख कटटे रेल हेड या रोड मुवमेंट में उठवाया जाए या इनकी सुविधा न हो रही है तो मंडी में ही दो शैड खाली है उन कटटो को खाली जगह पर लगवाया जाए। आढतियों ने बताया कि गेहूं का उठान न होने के कारण एक महीनें से किसान की पेमेंट नहीं हो रही है इससे आढ़ती व किसान दोनों परेशान हैं। गेहूं का उठान न होने के कारण बारिश से गेहूं के खराब होने का खतरा बना हुआ है।

इसी को लेकर आढ़तियों ने मुख्यमंत्री व अनाज मंडी अधिकारियों को पत्र लिखकर समाधान करवाने व किसानों की पेमेंट करवाने की मांग की।

# आईटीबीपी के जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**लोहारू।** लोहारू में शांति बनाए रखने की अपील के साथ फ्लैग मार्च करते सेना के जवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- फ्लैग मार्च देवीलाल चौक, रेलवे स्टेशन, सूरजगढ़ रोड, मुख्य बाजार,शहीद भगत सिंह चौक सहित कस्बे के मुख्य बाजारों से गुजरा

लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। फ्लैग मार्च के जरिए आईटीबीपी के जवानों की टुकड़ी ने लोगों को शांति बनाए रखने का संदेश दिया। वीरवार को आईटीबीपी के जवानों ने शहर के चौ देवीलाल चौक, रेलवे स्टेशन, सूरजगढ़ रोड, मुख्य बाजार,शहीद भगत सिंह चौक सहित कस्बे के मुख्य बाजारों से फ्लैग मार्च निकाला।

इस दौरान स्थानीय पुलिस के अधिकारी व जवान भी मौजूद रहे। सेना के जवानों ने लोगों से शांति बनाए रखने तथा बिना किसी भय के मतदान करने का आह्वान किया। सेना के जवानों के फ्लैग मार्च का कस्बे के लोगों ने स्वागत किया। दूसरी तरफ एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, इसलिए नागरिक निर्भीक होकर मतदान करें। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं मतदान का बहुत ही महत्व है। उन्होंने विभिन्न शिक्षण संस्थानों के पात्र विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे यह संकल्प ले कि वे अपने आसपास के 10.10 मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।






# मेरी मां मेरी दुनिया

हर बच्चे की जिंदगी में उसकी मां बहुत बड़ी जगह रखती है। मां के बिना उसकी जिंदगी सूनी है। मां है तो उसके जीवन में बहार है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** को बता रहे हैं, उनकी मां उनके लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं, उनका सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे कौन सा रहा, इस स्पेशल-डे पर ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

## वह मेरी हिम्मत-ताकत और पहचान हैं : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। 'मदर्स-डे' का जिक्र आते ही सबसे पहले वह यही बताती है कि उसके लिए उसकी मम्मी कितना महत्व रखती हैं। जारा बताती है, 'मेरी मां मेरी जिंदगी हैं। वह मेरी हिम्मत, ताकत और मेरी पहचान हैं। उनका पूरा दिन मेरी देखभाल करने में बीतता है, मुझे शो की शूटिंग और अपनी पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाने में वह मेरी बहुत हेल्प करती हैं। मैं उनके बिना एक दिन की भी कल्पना नहीं कर सकती।' जारा के लिए उसका अब तक का सबसे यादगार मदर्स-डे कौन-सा था, पूछने पर वह बताती है, 'मेरे लिए सबसे यादगार मदर्स-डे वह था, जब हम भाई-बहनों ने मां को घर पर बनाई ब्रंच के साथ सरप्राइज दिया था। हमने डाइनिंग टेबल को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया। जब मां टेबल के पास आईं, तो यह सब देखकर उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। हम सभी ने एक साथ टेस्टी खाने का आनंद लिया।' इस बार जारा की मदर्स-डे के लिए क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैंने मदर्स-डे के लिए अपनी ड्रॉइंग टीचर की मदद से मम्मी के लिए एक सुंदर-सा मदर्स-डे ग्रीटिंग कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। उस दिन घर के सारे काम मैं करूंगी ताकि मम्मी आराम कर सकें। शूटिंग के दौरान, हम सभी चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मांओं को एक बड़े केक के साथ सेट पर अचानक सरप्राइज देंगे।' जारा कहती है, 'मैं आज जो कुछ भी हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान मेरी मम्मी का है। मैं उनको हर बात के लिए 'थैंक यू' कहना चाहती हूं।'*

## थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए : शीहान कपाही

**आजकल शीहान** कपाही ने सोनी सब चैनल पर प्रसारित हो रहे शो 'वागले की दुनिया' में अथर्व वागले के रोल में दर्शकों का दिल जीत रखा है। उसके लिए उसकी मां उसकी दुनिया है। वह बताता है, 'मेरी मां मेरे लिए सब कुछ हैं। वह मेरे साथ हर हाल में खड़ी रहती हैं। मैं उनसे अपनी हर बात शेयर करता हूं। उनके प्यार और मार्गदर्शन ने मुझे वो बनाया, जो मैं आज हूं।'



शीहान अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे याद करते हुए बताता है, 'दो साल पहले की बात है। मदर्स-डे के दिन अपनी मां के लिए नाश्ता बनाकर मैंने उन्हें सरप्राइज दिया था। सुबह जल्दी उठकर, अपने पापा की हेल्प से मैंने उनका पसंदीदा नाश्ता तैयार किया। जब हमने उनके सामने डोसा के साथ ताजे नारियल की चटनी रखी तो वह इसकी खुशबू से खिल उठीं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। इससे पहले मैंने पंखे पर कुछ फूलों की पंखुड़ियां रख दी थीं, ताकि जब वह कमरे में आएं और पंखा चले तो पूरा कमरा उनके स्वागत में फूलों की पंखुड़ियों से भर जाए।' इस साल शीहान अपनी मां के लिए क्या स्पेशल प्लान कर रहा है, वह बताता है, 'मैं मां को मॉल में शॉपिंग के लिए ले जाऊंगा या फिर घर पर उनकी कोई पसंदीदा फिल्म टीवी पर लगा दूंगा। साथ ही मैं उनके लिए कुछ स्पेशल भी करना चाहता हूं, जैसे हाथ से बना कार्ड या हमारे पसंदीदा यादों की एक स्क्रैप-बुक बनाऊंगा। लेकिन सबसे अधिक मैं उन्हें यह बताने के लिए एक्साइटेड हूं कि मां आप मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट हैं। मैं सचमुच आपकी बहुत कद्र करता हूं। आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। मैं अपनी मां के रूप में आपको पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए, मुझ पर विश्वास करने के लिए।'*

## उनके बिना मेरा जीवन अधूरा है : व्योम ठक्कर

**व्योम ठक्कर** ने एंड टीवी के शो 'अटल' में यंग अटल का रोल प्ले करके एक अलग ही धाक जमा ली है। मदर्स-डे के मौके पर वह अपनी मां के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए बताता है, 'मेरी मां की मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं उनके लव और सपोर्ट के लिए हमेशा उनको 'थैंक यू' कहता हूं। मेरी मां, मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती हैं। वो इस बात का भी ध्यान रखती हैं कि मैं अपने एक्टिंग करियर और पढ़ाई, दोनों में बेहतर परफॉर्म करूं। दोनों के बीच तालमेल बैठाने में मां मेरी पूरी मदद करती हैं। उनके प्यार और देखभाल की कोई सीमा नहीं है।'



व्योम अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे भी बताता है, 'एक साल मदर्स -डे पर मैंने मां को एक प्यारा सा पत्र लिखा था, जिसमें मैंने उन्हें बताया था कि वह मेरे लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं। उसके बाद मैंने उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दिया था। बाद में हम एक साथ रेस्तरां में डिनर करने गए थे। उस दिन मां के साथ बिताया गया पल मेरे लिए बहुत ही मेमोरेबल है।' इस साल मदर्स-डे को व्योम कैसे स्पेशल ढंग से सेलिब्रेट करेगा, वह बताता है, 'इस बार का मदर्स-डे और भी खास बनाने के लिए मैंने प्लानिंग कर रखी है। सबसे पहले मैं मां की पसंदीदा डिशेज बनाने की सोच रहा हूं। उन्हें फिल्में देखना बहुत पसंद है, हम एकसाथ फिल्म देखने जाएंगे या फिर बाहर घूमने जाएंगे। इसके अलावा मैं उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दूंगा। ये सभी प्लानिंग्स मुझे उनके साथ समय बिताने का अवसर देंगी।' व्योम अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेगा, पूछने पर कहता है, 'मां, मैं आपसे कहना चाहूंगा, आप मेरे लिए सबसे इंपॉर्टेंट हैं। मैं आज जो कुछ भी हूं, आपके लव, केयर और सपोर्ट से हूं। मेरी लाइफ को मीनिंगफुल बनाने के लिए थैंक यू मां!'*

**प्रस्तुतिःहरिभूमि फीचर्स**

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मौका मदर्स-डे का हो तो यह बनता ही है कि अपनी मम्मी को कुछ स्पेशल फील कराया जाए, उन्हें खुशी दी जाए। हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, जिनसे तुम मदर्स-डे को मेमोरेबल बना सकते हो।

# मम्मी को फील कराओ स्पेशल



बच्चों, हमारी जिंदगी में मां बहुत ही महत्व रखती हैं। मां हमारा बहुत ज्यादा ध्यान रखती हैं ताकि हमें कोई तकलीफ ना हो, हम हमेशा खुश रहें। हमें जरा-सी तकलीफ हुई नहीं कि हमारी मांएं परेशान हो जाती हैं, तुरंत ही हमारी परेशानी को दूर करने में जुट जाती हैं। जब तक हमारी परेशानी दूर नहीं होती, उन्हें चैन नहीं पड़ता।

बच्चों, जिस तरह मां हमारी इतनी चिंता करती हैं, हमारी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती हैं, उनके प्रति हमारे भी कुछ दायित्व हैं, जिम्मेदारी है कि हम भी उनका पूरा ध्यान रखें। उन्हें कभी कोई तकलीफ नहीं होने दें। हम हर दिन तो उनका ख्याल रखें ही, लेकिन जब 'मदर्स-डे' जैसा अवसर आए तो हम उन्हें कुछ स्पेशल भी फील कराएं।

**अपनी फीलिंग्स ऐसे करो एक्सप्रेस:** बच्चों, मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी के लिए तुम्हारी जो भी फीलिंग्स हैं, उन्हें एक कागज पर लिख लो। उनके लिए तुम कोई प्यारी-सी कविता भी लिख सकते हो या फिर मदर्स-डे की थीम पर कोई ड्रॉइंग, पेंटिंग बना सकते हो। इसे मदर्स-डे की सुबह-सुबह चुपके से मम्मी के तकिए के नीचे या फिर किसी ऐसी जगह रख दो कि सोकर उठते ही मम्मी की नजर सबसे पहले इसी पर पड़े। तुम्हारा यह 'सरप्राइज मैसेज' तुम्हारी मम्मी को बहुत ही प्यारा लगेगा।

**दो प्यारा-सा गिफ्ट :** बच्चों, मदर्स-डे के स्पेशल ऑकेजन पर आजकल मार्केट में तरह-तरह के गिफ्ट आइटम्स और कार्ड्स अवेलेबल होते हैं। तुम अपनी पॉकेट मनी से अपनी मम्मी के लिए कोई प्यारा-सा गिफ्ट या कार्ड खरीद कर उन्हें दे सकते हो। लेकिन ज्यादा अच्छा यह होगा कि तुम अपने हाथों से कोई गिफ्ट या कार्ड बनाकर उन्हें दो। मम्मी को तुम्हारे हाथों से बनाया हुआ गिफ्ट मार्केट से खरीदे हुए गिफ्ट से अधिक पसंद आएगा।

**मम्मी को दो पूरा आराम :** बच्चों, हर रोज सुबह से लेकर रात तक तुम्हारी मम्मी के पास बहुत सारे काम रहते हैं। मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी को घर का कोई भी काम मत करने दो। सुबह से लेकर रात तक के सारे कामों की जिम्मेदारी तुम लो। मदर्स-डे के दिन मम्मी से बोलो, 'आज आप आराम करें, एंज्वॉय करें।' घर के कामों में अपने भाई-बहन की भी हेल्प ले सकते हो। मदर्स-डे के दिन अपने हाथों से बनी कोई स्पेशल डिश अपनी मम्मी को जरूर खिलाओ। इसे खाकर उन्हें मजा आएगा।*

### अपनी दादी-नानी मां को भी करो विश

बच्चों, अगर तुम्हारी दादी मां तुम्हारे साथ रहती हैं, तो मदर्स-डे पर तुम उन्हें भी विश करो, यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा की मम्मी हैं, घर में सबके प्यार और सम्मान की हकदार हैं। अगर दादी मां तुम्हारे साथ नहीं रहती हैं, होम टाउन में रहती हैं तो तुम उन्हें कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो। उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। बच्चों, सिर्फ दादी मां को ही नहीं, अपनी मम्मी की मम्मी यानी नानी मां को भी मदर्स-डे पर विश करो। जब तुम उन्हें 'हैप्पी मदर्स-डे' बोलोगे तो वह बहुत ज्यादा खुश होंगी, निहाल हो जाएंगी।

## जीके क्विज- 103



1.किस विश्व प्रसिद्ध धावक को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ब्रैंड एंबेसेडर बनाया गया है?
2.हाल ही में बिस्का जात्रा (बिस्किट यात्रा) महोत्सव-2024 किस देश में आयोजित हुआ?
3.भारतीय संसद की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी आवश्यक हैं?
4.कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
5.जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
6.कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7.'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
8.बल का मात्रक क्या होता है?
9.गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
10.'गीतांजलि' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-103 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-102 का उत्तर :** 1.एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, 2.आईजीआई एयरपोर्ट-दिल्ली, 3.इंडोनेशिया, 4.बृहस्पति, 5.साइरस (डॉग स्टार), 6. मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.दूसरा, 8.प्लेटिनम, 9.बछेंद्री पाल, 10.मेगस्थनीज

**जीके क्विज-102 का सही उत्तर देने वाले:** यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, मानवी मधुकर-बिलासपुर, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान- अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, प्रिया-दुर्ग, नेहा–सुरजपुर, कबीर-हिसार, पृथ्वीराज,मुस्कान- ईमेल से

## हंसगुल्ले



**चिंटू** : मिंटू बताओ, अक्ल बड़ी या भैंस?
**मिंटू** : पहले दोनों की डेट ऑफ बर्थ बताओ, फिर बताऊंगा।

-चांदनी, दुर्ग

**पिंकी** : मम्मी, मैं टीवी देखते-देखते होमवर्क कर लूं?
**मम्मी** : हां, ठीक है! लेकिन टीवी ऑन मत करना।

-रचित, जींद

**अंकल (रोहित से)** : बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
**रोहित** : अंकल, मैं उन्हें नाम से नहीं बुलाता हूं। बस प्यार से पापा ही कहता हूं।

-आकाश, रायपुर

**सोनू** : विटामिन सी सबसे ज्यादा किस सब्जी या फल में पाया जाता है?
**मोनू** : हरी मिर्च में।
**सोनू** : तुम्हें कैसे पता?
**मोनू** : क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।

-रानी, भोपाल

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

क्लास में नेहा मैडम ने बच्चों से पूछा कि वे इस बार मदर्स-डे पर अपनी प्यारी मां के लिए क्या स्पेशल करेंगे? सभी बच्चों ने एक-एक करके अपनी प्लानिंग बताई, लेकिन रागिनी खामोश रही। उसकी आंखों में आंसू थे। उसकी आंखों में आंसू क्यों थे? क्या वह मदर्स-डे सेलिब्रेट नहीं कर पाई?

# सारे जग से न्यारी... मां



नेहा मैडम ने क्लास में इंट्री की। उनके हाथ में पहेली का एक कार्ड था। क्लास के बच्चों को समझते देर न लगी कि कोई खास दिवस आने वाला है। जब भी कोई स्पेशल-डे आने को होता, नेहा मैडम पहेली बूझती हैं। इस बार नेहा मैडम ने जो पहेली पूछी, उसकी चारों पंक्तियों में एक ही शब्द भरना था। नेहा मैडम ने बच्चों से पहेली पूछना शुरू किया, 'सारे जग से न्यारी... , ममता भरी पिटारी..., सचमुच बहुत दुलारी..., सब बच्चों को प्यारी...।'

'मां... मां... मां... मां।' सारे बच्चे एक साथ बोले।

मैडम हंसीं, पूछा, 'क्या बता रहे हो? मामा या मां..?'

'मां!' बच्चों ने फिर एक-साथ उत्तर दिया। मैडम खुशी से बोलीं, 'हम्म्म...वैरी गुड!' फिर उन्होंने पूछा, 'तो बताओ, मां के लिए तुम लोग मदर्स-डे पर क्या स्पेशल करने वाले हो?'

एक बार फिर सारी क्लास में शोर गूंज उठा। हर बच्चा जोर-जोर से बोलने लगा। मैडम ने समझाया, 'ऐसे नहीं, एक-एक कर बताओ।' आगे से एक-एक कर बच्चे 'मदर्स-डे' को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बताने लगे। कुंज बोला, 'मैं तो उस दिन अपनी मम्मी को एक प्यारा-सा कार्ड बना कर दूंगा।' माधव ने कहा, 'मैं तो पापा से कह कर मम्मी की मनपसंद मिठाई मंगवाऊंगा। मम्मी के साथ खुद भी खाऊंगा।' एलिस बोली, 'मैं तो मम्मी के हाथों पर मेहंदी लगाऊंगी। मैं बहुत अच्छी मेहंदी लगाती हूं।' पुष्कर ने कहा, 'मैं तो मम्मी के काम में उनकी हेल्प करूंगा।'

अगला नंबर रागिनी का था। लेकिन वह तो चुप और खोई-खोई सी बैठी थी। जैसे इस क्लास में हो ही नहीं। उसके बगल में बैठी सुधा ने उसे हिलाया, 'बोलो-बोलो रागिनी, तुम क्या करोगी?'

रागिनी ने जैसे सुना ही नहीं। पता नहीं वह क्या सोच रही थी। मैडम उसके पास आईं और पूछा, 'क्या हुआ रागिनी, मदर्स-डे पर तुम क्या करने वाली हो?'

रागिनी की आंखों में आंसू छलक आए। धीमे से बोली, 'मैडम, मेरी मम्मी बहुत बीमार हैं। वो अस्पताल में एडमिट हैं। उनके न होने से घर में बहुत प्रॉब्लम्स हो रही हैं। घर में खाना नहीं बन रहा है, बाहर से आ रहा है।' रागिनी ने यह भी बताया कि उसे मम्मी से मिलने अस्पताल भी नहीं जाने दिया गया। वह स्कूल के बाद पापा के वापस आने तक घर में अकेली ही रहती है।

नेहा मैडम ने रागिनी को समझाया, 'चिंता मत करो बेटे, सब ठीक हो जाएगा।'

छुट्टी के बाद रागिनी घर पहुंची। मम्मी के बिना घर कितना अजीब-सा लग रहा था। दीवारें जैसे रो रही थीं। उसके स्कूल से आते ही कैसे मम्मी झट से किचेन में जाती थीं। उसकी मनपसंद चीजें बनाकर उसे खिलाती थीं। रागिनी ने देखा, सारा घर कैसा अस्त-व्यस्त है।

असल में मम्मी का ब्लड प्रेशर लो हो गया था। चक्कर खाकर गिर गई थीं। वैसे भी वह बहुत दुबली और कमजोर हैं। अपना ध्यान ही कहां रख पाती हैं। हर वक्त बस काम में जुटी रहती हैं। रागिनी को लग रहा था, जैसे मम्मी की बीमारी में वह भी कसूरवार है। वह कब काम में मम्मी की हेल्प करती है? कब उनका हाथ बंटाया? स्कूल से आकर कैसे वह अपना सामान बिखरा देती है। सब मम्मी ही तो समेटती हैं। खाना खाकर बर्तन वॉश-बेसिन तक नहीं ले जाती। वह भी मम्मी ही उठाती हैं। इतनी बड़ी हो गई, लेकिन जुराब, टाई, ड्रेस सब कुछ मम्मी से ही मांगती है। मम्मी तो कभी आराम नहीं करती हैं। रागिनी मन ही मन शर्मिंदा हो रही थी। वह चुपचाप उठी और किचेन में जाकर बर्तन धोने लगी, फिर बिस्तर ठीक किया। बिखरा सामान समेटा। मम्मी को याद करते हुए बार-बार उसकी आंखें भीग जातीं। बार-बार उसे सुबकाई आ रही थी। वह मन ही मन बोली, 'सॉरी मम्मी...।'

तभी पापा आ गए। रागिनी को देखकर बोले, 'अरे! तुम यह सब क्या कर रही हो?' पापा कब आ गए, उसको पता ही नहीं चला। रागिनी ने पापा के सवाल पर भी ध्यान नहीं दिया। हां, खुद उनसे पूछा, 'पापा, अब कैसी हैं मम्मी?'

'चलो, मिलो न उनसे। ड्राइंगरूम में हैं। नानी भी आ गई हैं।' पापा ने बताया।

रागिनी खुशी से झूम उठी। वह भागकर ड्राइंगरूम में गई और जाकर मम्मी से लिपट गई। रागिनी ने उनसे कुछ कहा नहीं, फिर भी जाने क्यों उसे ऐसा लग रहा था, मम्मी उसके मन की सारी बातें समझ गई हैं। रागिनी नानी से बोली, 'नानी..नानी! आप मुझे मेरी मम्मी के बचपन की बातें बताएंगी न?' नानी हंसकर बोलीं, 'हां-हां, क्यों नहीं! तेरी मम्मी तो बचपन में बहुत अच्छी थीं, मेरा बहुत ध्यान रखती थीं।'

रागिनी धीरे-से बोली, 'मैं भी अपनी मम्मी का खूब ख्याल रखूंगी।' ऐसा कहते हुए उसने एक प्यारी-सी, मीठी-सी पप्पी नानी के झुर्रियों वाले गाल पर जड़ दी।*

कविता

सूर्य कुमार पांडेय



## मां से बढ़कर कौन महान

मां ने हमको जन्म दिया है,
पाल-पोस कर बड़ा किया है।
मां का आंचल सुख की छाया,
मां ने हम पर प्यार लुटाया।
मां रखती बच्चों का ध्यान,
मां से बढ़कर कौन महान!
मां है ममता का अवतार,
भूलें कभी न यह उपकार।
बहुत बड़ी हो जाऊंगी जब,
अपना फर्ज निभाऊंगी तब।
मां को कभी नहीं भूलूंगी,
उनका पूरा ध्यान रखूंगी।
बहुत बड़ा हो जाऊंगा जब,
मां का कर्ज चुकाऊंगा तब।
उनको अपने साथ रखूंगा,
मां की सेवा रोज करूंगा।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट अंतर खोजो।





## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित अपनी मम्मी को बुके देकर मदर्स-डे विश करना चाहता है। हर्षित की मम्मी एक भूल-भुलैया में कहीं छिपकर उसको आवाज दे रही हैं। तुम जल्दी से रास्ता खोजकर हर्षित को उसकी मम्मी तक पहुंचने में मदद तो करो।



## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर:A-1, B-2, C-4, D-3

## खबर संक्षेप

### नवदुर्गा मंदिर मे त्रिवेणी रोपित की



**भिवानी।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष में वीरवार को नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा ढ़ाणा रोड डिस्पोजल पर एवं कोंट रोड मिनी बाईपास स्थित काली देवी मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर मे त्रिवेणी रोपित की।



### बवानीखेड़ा के स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें नर्सरी से बारहवी कक्षा तक के सभी बच्चों ने कविता पाठ, कार्ड मेकिंग, सेल्फी विद मदरए मां के संग पौधारोपण, गीत गायन समेत अनेकों प्रतियोगिताओ में भागेदारी निभाई। जिसमें सभी प्रतिभागी बच्चों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्राचार्य संजय बामल ने सभी अध्यापक गणों और बच्चों से रूबरू होते हुए मां की महिमा का व्याख्यान करते हुए कहा कि मां हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह होती है।

### पूर्व सैनिकों को मतदान को न्योता दिया



**तोशाम।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत गांव रिवासा में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों से भी अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में कविता प्रतियोगिता

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में अंग्रेजी भाषा में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या कीर्ति आहुजा उपस्थित रही। सर्वप्रथम पहली व दूसरी कक्षा के नन्हे.मुन्ने छात्रों ने अंग्रेजी की मनमोहक कविताएं सुनाई। कविता के माध्यम से छात्रों ने प्रकृति, जल, पिता, पेड़ व तितलियों के विषय में कविता का उच्चारण किया। उच्चारण के साथ.साथ छात्रों ने अनेक चित्रों के माध्यम से अपनी कविता का बख्यान किया। कक्ष तीसरी से पांचवी के प्रतिभागियों ने पेड़ लगाओ, धरा बचाओ का संदेश देते हुए अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

### लाऊड स्पीकर बजाया तो होगी कार्रवाई

**भिवानी।** जिलाधीश नरेश नरवाल ने भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय दंड प्रकिया संहिता की धारा 144 के तहत बिना लिखित परमिट के लाउडस्पीकर का प्रयोग नही कर सकते हैं। सार्वजनिक संबोधन प्रणाली या लाउडस्पीकर का सुबह छह से रात 10 बजे तक प्रयोग कर सकते हैं। जिलाधीश नरवाल ने अपने आदेशों में कहा है कि लोस चुनाव के चलते चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार जिले के किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान और किसी भी प्रकार के वाहनों पर या अन्य तरीके से लगे लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती मनाई

# महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती पर वीरवार को यहां महाराणा प्रताप चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें काफी संख्या में पहुंचे समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने की।

इस अवसर पर नरेश तंवर जीएम ने महाराणा प्रताप को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। राजपूत राजघराने में जन्म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओमबीर सिंह तंवर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सर्व समाज की भलाई के लिए कार्य करें। नशाखोरी से दूर रहें तथा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए मिलकर राष्ट्रहित के लिए कार्य करें। दबे कुचले वर्गोंर् के उत्थान के लिए कार्य करें। यही महाराणा प्रताप को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला अध्यक्ष सतीश परमार ने कहा कि महाराणा प्रताप के त्याग एवं बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पूर्व विधायक शशि रंजन परमारए भवानी प्रताप चेयरमैन, ठाकुर विक्त्रम सिंह,ठाकुर लाल सिंह, पार्षद प्रतिनिधि संजय तंवर, चंद्रपाल चौहान एडवोकेट, भरत परमार टीएम, गोपाल चौहान युवा जिला अध्यक्ष, यशपाल परमार, सुरेंद्र तंवर आशीयान, राजकुमार तंवर मानान, रणधीर सिंह, लाला पहलवान, अजीत सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, पार्षद सुभाष, सूर्या तंवर, अशोक ढोला, विरेन्द्र लोहारी जाटू, कैप्टन सुरेश, बृजपाल परमार, वेदपाल परमार, उदय सिंह तंवर, नेत्रपाल, रामकिशन हालुवासिया, जयपाल राघव, कंवर पाल परमार चांग, पवन ठाकुर, सुनील मानान, महिपाल शेखावत, संजय चौहान टाईयान, समेत अनेक लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें याद किया।



**भिवानी।** महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग।

#### अकबर ने भी माना था पराक्रम का लोहा :वधवा

भाजपाइयों एवं इंडिया स्पोर्ट्स संघ ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर अपनी शौर्य गाथाओं की छाप छोड़ने वाली इस भारत भूमि ने कई योद्धाओं को जन्मा जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रताप भी उन्हीं वीर सपूतों में से हैं जिनके शौर्य की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है, उनके पराक्रम का लोहा खुद अकबर ने भी माना था। आज उसी महान योद्धा की जयंती है।वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर भाजपाइयों एवं इंडिया स्पोर्ट्स संघ के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा रीतिक वधवा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि के प्रति राष्ट्रप्रेम कूट कूट कर भरा था ।

#### प्रताप ने जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाई

गांव खरक कलां में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती सर्व समाज के लोगों द्वारा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा नेता कुलदीप परमार ने की। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए धानक जनकल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप एक समाज के ना होकर सर्व समाज के थे। उन्होंने जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाई। परन्तु मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने हल्दी घाटी के युद्ध में मुगल सेना अकबर को नाकों चने चबा दिये थे। महाराणा प्रताप से देश प्रेम की प्रेरणा लेकर युवाओं को आगे बढना चाहिए और महाराणा प्रताप से सीख लेकर देश सेवा करनी चाहिए।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व रेड क्त्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या संतोष भाकर ने शिकत की। कार्यक्रम में शिक्षक महेन्द्र अत्री ने अहम भूमिका अदा की और उपस्थिजनों को बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस और रेड आंदोलन के सिद्धांतों को याद करने के लिए मनाया जाता है। वर्ल्ड रेडक्रॉस डे का मुख्य उद्देश्य असहाय और घायल सैनिकों और नागरिकों की रक्षा करना है। ये दिवस 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है, जो रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक थे।

### बडेसरा और धनाना में लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**भिवानी।** सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी ने गांव बडेसरा व धनाना में विगत लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले बूथों पर जाकर लोक शैली में स्वीप अभियान के तहत मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप लोकसभा चुनाव 25 मई को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए थीम चुनाव का पर्व.देश का गर्व को लेकर स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। भजन पार्टी ने गांव बडेसरा व धनाना कार्यक्रम कर लोगों को लोस चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में विजेताओं को किया सम्मानित



**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर.2 के प्रख्यात आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक समाजसेवी साहिल यादव ने बताया की 8 मई को स्वर्गीय पुरुषोत्तम दास की स्मृति में हलवासिया विद्या विहार भिवानी में आयोजित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर के बच्चों ने भी क्त्रमशः बाल वर्गए किशोर वर्गए व तरुण वर्ग में भाग लिया। पांचवी कक्षा के छात्र हार्दिक को बाल वर्ग मे प्रोत्साहन पुरस्कार मिला तो वहीं बारहवीं कला संकाय की छात्रा मनीषा ने तरुण वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल पहुँचने पर मैनेजमैंट ने विजेता बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल अभिभावक केपी भटनागर, स्कूल प्रिंसिपल नीतीश मिश्र,वाइस प्रिंसिपल गीता यादव,प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव, स्वीटी आदि उपस्थित रहे।

## एड्स के बारे में किया जागरूक

- पीएम श्री विद्यालय में हेल्थ वीक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार बवानी खेड़ा के वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हेल्थ वीक मनाया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य आनंद कुमार एवं कार्यकारी प्राचार्य यशवीर की अध्यक्षता में जीव विज्ञान प्रवक्ता सोमबीर के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें वर्तमान समय में विद्यमान बीमारियों कारणों तथा सुरक्षा के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, प्रातःकालीन सभा में भाषण, क्विज प्रतियोगिता, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन आदि गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी अदा की। बच्चों ने अपने हाथों में रेड रिबन पहनकर एचआईवी एडस के बारे में जागरूक किया। कार्यकारी प्राचार्य यशबीर ने टीबी जैसी जानलेवा बीमारी से बचवने के उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा की। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया व भौतिक विज्ञान प्रवक्ता रेनू बाला, विज्ञान अध्यापिका सुमन देवी, गणित प्रवक्ता निशा द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। विजेताओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हेल्थ वीक मनाते हुए।

## पैरामाउंट स्कूल में कविताओं के माध्यम से बताई मां की महिमा



**भिवानी।** पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस में मातृ दिवस बहुत ही ज्यादा हर्षाेल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम चेयरमैन मंजीत , डायरेक्टर इंद्रजीत,मैनेजर राजेंद्र की सहमति से ही और वाइस प्रिंसिपल शीला मैडम के नेतृत्व में ही संभव हो सका। इस फंक्शन में स्कूल के बच्चो ने बढ़ चढ़ के भाग लिया व बच्चो की माताओं ने भी इस फंक्शन में रंगारंग प्रस्तुति दे करके कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों ने माताओं के लिए बहुत ही अच्छी . अच्छी कविताएं,अच्छे . अच्छे नृत्य व ड्रामा के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया और माताओं के प्रति अपना लाड़ व प्यार दिखाया। इस फंक्शन में सभी माताओं के लिए भी प्रतियोगिताएं रखी गई ,जिसमे माताओं के लिए कैट वॉक , नृत्य, व सामान्य से सवाल जवाब रखे। माताओं ने भी इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ के भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व माताओं को भी सम्मानित किया गया।

## माताओं के लिए ग्रीटिंग बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मां के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से मई माह के द्वितीय रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को स्थानीय हांसी रोड स्थित ऑकवुड स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। सभी बच्चे अपने.अपने माता को अपने विचारों को कृतियों के माध्यम से सर्वोत्तम भेंट समर्पित करना चाह रहे थे। वंदना में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों व अध्यापकवर्ग ने निबंध व कविताओं के माध्यम से मातृ शक्ति को अपनी अपनी भावांजलि समर्पित की। तत्पश्चात कक्षाओं में विभिन्न कार्यक्त्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी अपनी माता को भेंट करने के लिए सुंदर ग्रीटिंग तथा गुलदस्ते तैयार किए। नर्सरी कक्षा के नौनिहालों ने अपनी नन्ही हथेलियों के प्रतीक चिह्न अपनी मम्मी के लिए ग्रीटिंग के रूप में अंकित किए तथा उन्हें कक्षा आचार्य ने अपनी कलात्मकता से सुंदर ग्रीटिंग के रूप में तैयार कर दिया। इसी क्त्रम में कक्षा 5वीं तक के सभी बच्चों ने अपनी.अपनी माताओ के लिए ग्रीटिंग तैयार किए।



### समस्या समाधान को एसडीएम से मिले संगठन के लोग

**लोहारू।** कस्बे के पुराना शहर में पिछले दिनों जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा डाली गई पेयजल की नई पाइपलाइन के बाद मुख्य सड़क मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। गड्ढे और उड़ते धूल के गुब्बारों से परेशान कस्बे के लोग संबंधित विभाग और प्रशासन को सड़क म मार्ग के हालात दुरस्त करने की कई बार मांग कर चुके हैं। समस्या के समाधान सहित शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए लोहारू समस्या समाधान संगठन के प्रदीप सैनी सहित अनेक सदस्यों ने एसडीएम लोहारू के ज्ञापन दिया जिसमें सफाई व्यवस्था उचित ढंग करने की मांग की।

## पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई

- भिवानी व चरखी दादरी के सभी विधानसभा पोलिंग पार्टियों की द्वितीय रैंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक आर. गजलक्ष्मी व हिसार लोकसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद की उपस्थिति में लघु सचिवालय स्थित डीआरडी,हॉल में भिवानी व चरखीदादरी के सभी छह विधानसभा की पोलिंग पार्टियों का द्वितीय रैंडमाइजेशन प्रक्त्रिया पूरी हुई। इस दौरान उपायुक्त नरेश नरवाल, चरखी दादरी उपायुक्त मनदीप कौर भी मौजूद रहे। सामान्य पर्यवेक्षकों गजलक्ष्मी व चंद की देख.रेख में रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया को जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूरी की। पर्यवेक्षक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से रैंडमाईजेशन की प्रक्त्रिया को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश भी जारी किए। पर्यवेक्षक ने कहा कि पोलिंग डे को सफल बनाने के लिए ये सारी मेहनत की जाती है। इसलिए चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल बनाते हुए मेहनत से कार्य करें ताकि समस्त चुनाव प्रक्त्रिया सरलता से अच्छी प्रकार से पूरी की जा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने सामान्य पर्यवेक्षक को चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि पोलिंग पार्टी की द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया आयोग द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी कराई गई।



**भिवानी।** आयोजित बैठक में दिशानिर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धालुओं की हर विपदा को दूर करते हैं हारे के सहारे बाबा श्याम

# श्रीश्याम कृपा महोत्सव में जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- नकारात्मक मनोवृत्ति में बदलाव लाते हुए धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन

कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा स्थानीय लोहड़ चौपटा में श्रीश्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन गायक चैतन्य दाधिच जयपुरए आयुष सोमानी जयपुरए निखिल अग्रवाल भिवानी ने सुंदर.सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण भी वितरित किया गया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी देते हुए कृपा सांवरे की परिवार भिवानी के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि कार्यक्त्रम में बतौर मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने शिरकत की। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि बाबा खाटू श्याम को लेकर भक्तों के बीच गहरी आस्था है। ये कलयुगी संसार में पूजे जाने वाले भगवान हैं, जिनकी महिमा निराली है। उन्होंने कहा कि भक्त बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहते है, क्योंकि पूरी श्रद्धा से श्रीश्याम का ध्यान करने से बाबा श्याम श्रद्धालुओं की हर विपदा को दूर करते है। नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि कलयुग में बाबा श्याम की पूजा.अर्चना का विशेष महत्व है। श्रीश्याम बाबा की शरण में आने वाले भक्तों के सभी कष्ट दूर होते है और संपूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में लोग एक.दूसरे से ईर्ष्या करते हैं। एक.दूसरे को नीचा दिखाने के मौके की तलाश में रहते हैं। ऐसी स्थिति में अगर धार्मिक कार्यक्त्रमों का आयोजन होता रहता है तो लोगों की मनोवृत्ति में स्वतःबदलाव आने लगता है। इस मौके पर अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, रामावतार तंवर, पियूष कौशिक, गुगन, तरुण सनेजा, रोहित, वेद प्रकाश, मुकेश अग्रवाल, तरुण जसूजा,आशीष मित्तल, आदित्य मित्तल, पवन बंसल, विनोद गोयल, मोहनलाल गोयल, मनोज गोयल,शैंकी मित्तल, संदीप, कृष्ण तायल, मनीष सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।



**भिवानी।** आयोजित श्रीश्याम महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु।

## 13 से चलाया जाएगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 से 26 मई 2024 तक कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभाग द्वारा कुष्ठ रोगी की पहचान के लिए घर.घर सर्वे किया जाएगा ताकि कुष्ठ रोगी की समय पर पहचान होने से उस मरीज का समय पर ईलाज किया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने ये जानकारी देते हुए बताया कि खोजी अभियान के लिए चिकित्सकों की सुपरविजन में बैठक आयोजित की जा रही है।

इन बैठकों में विस्तार से समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए टीमों का गठन किया गया है। टीम के सुपरवाईजर व मॉनिट्रींग अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि गठित टीमों द्वारा चयनित किए गए एरिया अनुसार प्रत्येक घर का सर्वे करवाएं ताकि उस एरिया में कोई भी कुष्ठ रोग का मरीज पाया जाता है तो उसका इलाज समय पर शुरू किया जा सके और वह इस बीमारी से मुक्त हो सके। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि जिन लोगों को कुष्ठ रोग होता है, यदि उन्हे समय पर सही इलाज मिले तो वे इस संक्रमण से मुक्त हो सकते है।

उन्होने बताया कि कुष्ठ रोग एक ऐसी बीमारी है जिसके बारे में समाज में अलग अलग तरह की भ्रांतिया तथा गलत जानकारियां फैली हुई है।

## खबर संक्षेप



### जीवन बनाने में मां का बड़ा योगदान : दिनेश

**चरखी दादरी।** मकड़ानी स्थित नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस मनाया गय। जिसमें स्कूली बच्चों ने गीतों, कविताओं आदि आदि के माध्यम से मां की ममता त्याग व दया के बारे में बताया। प्राचार्य दिनेश श्योराण ने कहा कि बच्चों का जीवन बनाने में मां का बहुत बड़ा योगदान होता है। निदेशक अजय जाखड ने मां की महिमा का वर्णन करते हुए उसे त्याग प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति बताया, जिसकी छाया में मनुष्य ही नहीं देवता भी स्वयं को आनंदित अनुभव करते है। इस अवसर पर स्कूल में प्रीति फौगाट, सरिता फौगाट, पिंकी जांगडा, एकता, पवित्रा, दिनेश मंदौली आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### एससीआर स्कूल में मनाया मदर्स डे

**चरखी दादरी।** किसी ने मां के लिए गुलदस्ता बनाया तो किसी ने मां की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई मां की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर उपहार बताया। वीरवार को एस सी आर विद्यालय में मदर्स डे मनाया गया। बच्चों ने अपने-अपने तरीकों से मां के प्रति प्यार जताया। बच्चों ने खुद से अपनी माताओं के लिए सुन्दर-सुन्दर कार्ड बनाएं व डांस और सिंगिंग की प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल समरजीत सिंह नंदा ने सभी माताओं का ममता और स्नेह की सराहना की, विद्यालय के प्रिंसिपल ने बताया की मां की ममता का दुनिया में कोई मोल नहीं है।

### ऑनलाइन दिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एंव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक आयोजन हुई। बैठक में सीजेएम कपिल राठी ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सीजेएम कपिल राठी ने जिला स्तर पर विडो सेल सिस्टम के तहत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने व उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने बारे में विस्तार से समीक्षा की।

### अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

# सड़कों पर किए गए निर्माण को तोड़ा, लोगों में हड़कम्प

टीम ने मंडी के चारों तरफ सड़कों पर किए गए अवैध निर्माण व अतिक्रमण को हटाया टीम ने करीब तीन.चार घंटों तक इस तरह का अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

वीरवार देर शाम को मार्केट कमेटी व नगरपरिषद ने संयुक्त रूप से सब्जी मंडी के चारों तरफ किए गए अतिक्रमण को तोड़ा। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही। हालांकि शुरुआत में लोगों ने विरोध किया,लेकिन भारी पुलिस की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा वक्त तक नहीं चला। टीम ने सब्जी मंडी के चारों तरफ के सभी रोड को खाली कर दिया। समाचार लिखे जाने तक टीम का अभियान जारी था।

जानकारी के अनुसार शाम के वक्त एसडीएम की अगुवाई में मार्केट कमेटी व नगरपरिषद के अधिकारियों की टीम सब्जी मंडी इलाके में पहुंची। टीम ने पहले सब्जी मंडी के आगे से विकास नगर की तरफ जाने वाले मार्ग पर किए गए अवैध कब्जों को ढहाना आरंभ किया। इस दौरान लोगों ने विरोध किया तो भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं चल पाया। उसके बाद टीम ने मंडी के चारों तरफ सड़कों पर किए गए अवैध निर्माण व अतिक्रमण को हटाया। टीम ने करीब तीन.चार घंटों तक इस तरह का अभियान चलाया। यहां यह बताते चले कि सब्जीमंडी मार्केट कमेटी के अंडर में आता है और सब्जी मंडी में अव्यवस्था होती है तो उसकी जिम्मेदारी मार्केटिंग बोर्ड की होती है। साथ ही किसी तरह के रिकार्ड की जरूरत पड़ती है तो उसके लिए नप अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया था। अभियान चलाए जाने तक नप के अधिकारी भी मौजूद रहे।



**भिवानी।** सब्जीमंडी के साथ लगती सड़क पर हटाए गए अतिक्रमण का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

**डीसी ने एसडीएम को सौंपी जिम्मेदारी**

*बताते है कि सब्जी मंडी के एक तरफ के रोड की चौड़ाई 80 फुट है तथा दूसरे तरफ की चौड़ाई 60 फुट है। जिस पर लोगों ने अवैध कब्जे व अतिक्रमण किया हुआ था। अतिक्रमण की वजह से सड़क की चौड़ाई घट गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया और इस बारे में उपायुक्त ने एसडीएम भिवानी को जिम्मेदारी सौंपी। एसडीएम शाम के वक्त अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने में जुट गए। इस बारे अगले सप्ताह प्रशासन को अदालत में स्टेटस रिपोर्ट सौंपनी है। जिसके चलते प्रशासन ने यह अभियान चलाया है।*

## कितलाना स्कूल को भेंट किए 10 पंखे

■ शिक्षार्थी और शिक्षा के बीच की अड़चनों को दूर करना सर्व समाज सेना का उद्देश्य : सनातनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



**भिवानी।** स्कूल में पंखे वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आज का विद्यार्थी देश का भविष्य है। ऐसे में देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए विद्यार्थियों को संस्कार का बीजारोपण कर गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना शिक्षण संस्थाओं की जिम्मेवारी है। वही दूसरी तरफ शिक्षार्थी और शिक्षा के बीच आने वाली प्रत्येक अड़चने को दूर कर विद्यार्थियों की मदद के लिए हाथ बढ़ाना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

इसी उद्देश्य के साथ सर्व समाज सेना ने विद्यार्थियों की मदद के लिए एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत उन्हे हर संभव सहायता मुहैया करवाई जाती है। यह बात सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर सनातनी ने वीरवार को जिला के गांव कितलाना स्थित राजकयी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10 पंखे भेंट करते हुए कही। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे विद्यार्थियों की मदद के लिए भविष्य में भी हमेशा तैयार रहेंगे। इस दौरान श्याम सुंदर सनातनी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अध्ययन के साथ.साथ राष्ट्र की सेवा में सहभागिता निभाएं। इस मौके पर धनसिंह, प्राचार्य बृजेन्द्र सिंह बास, हिंदी प्रवक्ता प्रमिला, ग्रामीण ताराचंद शर्मा, सतपाल चौकीदार, मनोज, कुलदीप सहित अन्य ग्रामीण व स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे तथा उन्होंने श्याम सुंदर सनातनी का आभार जताया।

## आदर्श वमावि में मनाया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** मातृ दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे।

बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को मातृ दिवस मनाया गया। नन्हे.मुन्ने बच्चों ने विद्यालय प्रांगण को अपने हाथों से रंग रंग.बिरंगे गुब्बारों से पोस्टर से सजाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका थीम मां रहा। बच्चों ने अपनी मां के लिए विशेष कविताओं, गीतों की प्रस्तुति दी। अलीशा, यशिका, दिव्या, हिमानी, करुणा, दक्षीता, ट्विंकल, सलोनी ने तेरी ऊंगली पकड़ के चला गाने पर नृत्य किया। इसके साथ ही पोस्टर मेकिंग, कार्ड मेकिंग, ड्रॉइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने नन्हें.नन्हें हाथों से अपनी मां के लिए बहुत सुंदर कार्ड बनाकर मां के प्रति अपना स्नेह दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रताप सिंह यादव ने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मां अपने बच्चों के प्रति जीवन भर समर्पित होती है। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है।

## भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन : धर्मबीर

■ पहले से भी अधिक मतों से होगी विजय, जयंती पर महाराणा प्रताप को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित जनसभा को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव ढाणी बल्हारा, ढाणी धिरजा, ढाणी हूणात, खेड़ा, धुलकोट, रूपाणा, बड़वा, नलोई, गुरेरा,किकराल, देवसर, ढाणी सिलाबाली, लीलस, सैनीवास, झुपा खुर्द, झुपा कलां, मिठठी, मोरका, मतानी, ढाणी भाकरा, बिधवान, घंघाला, बुधशैली, गौंडावास, बख्तावरपुर, मोहीला, गढ़वा खरकड़ी, शेरपुरा, कालोद, गुढ़ा, सिवाच, मंढोली खुर्द, कलाली, तलवानी आदि गांवों का दौरा करते समय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोहारू हलके के विकास में भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि लोहारू के हर टेल तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बनने पर हल्के के विकास को नई दिशा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन जनसमर्थन बढ़ता जा रहा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा तो पहले से भी अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। इस दौरान बहल में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया और गांव बड़वा में वीरोशिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जिला सहमीडिया प्रभारी व विस मीडिया प्रमुख सोनू सैनी ने बताया कि 10 मई को प्रातः 9 बजे सांसद धर्मबीर सिंह द्वारा भिवानी विधानसभा क्षेत्र का शहर में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। रोड शो घंटा घर से शुरू होकर सराय चोपटा, बिचला बाजार चौक, महावीर घाटी, भगनपुरी, पुरानी अनाज मंडी, जैन चौक, केएम स्कूल के सामने संपन्न होगा। इस अवसर पर सुनील शर्मा बहल, रविन्द्र मंढोली, सतबीर चहड़, राजेश चहड़, अरविंद यादव, सरंपच साधुराम बहल, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, विक्रम जांगड़ा सिवानी, अनिल झांझड़िया, नवीन सुतपुरिया, मा. बलदेव, राजेश जांगड़ा, सरपंच सोनू , बीडीसी मनोज,ज्ञानीराम शर्मा, धर्मबीर ख्यालिया,सुरेश प्रजापति बड़वा बीडीसी चेयरमैन मनोज,मुकेश डालमिया, मंजू रानी, सुमन विमल,चेयरमैन अनिल, सुरेश खटक, सुभाष जोधकर्ण, उमेद मतानी, रघुबीर सांगवान, नवीन सिवानी,शिवराज बागड़ी, मुकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस की लहर में बह जाएगी बीजेपी

■ बीजेपी के पास नहीं है गिनवाने लायक एक भी काम, किस अधिकार से मांग रही वोट : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़



पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस की लहर में इस बार बीजेपी पूरी तरह बह जाएगी। क्योंकि हरियाणा की 36 बिरादरी ने बीजेपी को हराकर कांग्रेस को जीतने का मन बना लिया है। उक्त विचार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वीरवार को भिवानी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहे। इस मौके पर उन्होंने भिवानी-महेंद्रगढ़ से प्रत्याशी राव दान सिंह के लिए वोट की अपील की।

सम्मेलन में पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस ज्वाइन की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व व कांग्रेस की नीतियों में भरोसा व्यक्त करते हुए शर्मा ने कांग्रेस का दामन थामा। वासुदेव शर्मा ने राव दान सिंह की बड़े अंतर से जीत का दावा किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को घर-घर और जन-जन तक कांग्रेस के घोषणापत्र को पहुंचना है। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि केंद्र में सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरी, किसानों को एमएसपी की गारंटी और आशा वर्कर्स को दोगुनी तनख्वाह दी जाएगी। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी के पास ना अपना कोई रिपोर्ट कार्ड है और ना ही कोई भविष्य की नीति। बीजेपी एक भी काम नहीं गिनवा सकती। जबकि कांग्रेस सरकार ने भिवानी महेंद्रगढ़ को शिक्षा व खेलों का हब बनाया था। इस मौके पर राव दान सिंह ने कहा कि कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान देखकर बीजेपी को उसकी हार का एहसास हो गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच संचालन प्रदीप गुलिया द्वारा किया गया। मंच से राजपूत समाज ने भी बीजेपी के प्रति अपना रोष जाहिर किया।

### आदर्श कॉन्वेंट स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**तोशाम।** गांव कैरु के आदर्श कॉन्वेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में मदर्स डे के उपलक्ष्य में मातृ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों का अपनी माता के प्रति प्रेम देखते ही बन रहा था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रामकुमार बंगालिया, प्राचार्या डॉ. शुब्बुलक्ष्मी चेन्नई ने आमंत्रित माताओं के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## जी लिट्रा में भगवान परशुराम को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



**भिवानी।** भगवान परशुराम को याद करते हुए। फोटो :हरिभूमि

गुरुवार को जी लिट्रा वैली स्कूल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव हषार्ेल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, कविता द्वारा विद्यार्थियों ने उन्हें नमन किया। सभी शिक्षकवृंदों व बगों ने पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हे याद किया। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने भगवान परशुराम के जीवन व शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भगवान विष्णु के आवेशावतार थे।

परशुराम ने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र व शास्त्र दोनों को धारण कर सनातन संस्कृति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मान्यतानुसार अक्षय तृतीया पर परशुराम जयंती मनाई जाती है । सभी शिक्षकों, बच्चों व अभिभावकों को अक्षय तृतीया की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एचडी स्कूल में मनाया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** मातृ दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

मां बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है। वह अपने.आप में एक सम्पूर्ण पाठशाला है, जहां बच्चा जीवन जीने का प्रत्येक सही तरीका सीखता है। मां का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा है। कहते हैं जहां भगवान स्वयं नहीं पहुंच पाते वहा के लिए उसने मां बनाई है। यह बात एचडी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्त्रम में निदेशक बलराज फोगाट ने कही। उन्होंने कहा कि मां त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति है। मां की ममता शिशु के लिए अभेद्य सुरक्षा कवच का काम करती है। एक अबोध बालक को सभ्य नागरिक बनाने में मां का योगदान अतुलनीय होता है। विद्यालय की प्राथमिक कक्षाओं द्वारा आयोजित कार्यक्त्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्राचार्या नमिता दास ने बताया कि मां के सम्मान में बच्चों ने विभिन्न कविताएं, भाषण व नृत्यगीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर उपप्राचार्य नवीन सनसनवाल, समन्वयक सीमा मलिक, प्राईमरी हैड कविता, साक्षी, रिंकू, पूजा भारद्वाज, आशा वत्स, संजना, प्रियंका, सरस्वती, इन्दु फौगाट, योगिता, मुन्नी, पूनम, ममता, प्रिया आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था निर्बाध और सुचारू बनी रहे : एसडीएम

# पेयजल संबंधी समस्याओं का हो त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम



**तोशाम।** जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा.निर्देश देते एसडीएम।

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था निर्बाध और सुचारू बनी रहे। उन्होंने कहा कि सम्बंधित अधिकारी पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें ताकि आमजन को पेयजल समस्या से न जूझना पड़े। एसडीएम वीरवार को गांव रिवासा में स्थित जलघर का निरीक्षण करने पंहुचे थे।

एसडीएम ने मौके पर ही जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को फोन पर निर्देश दिए की गांव रिवासा में पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। गांव रिवासा में जलघर का निरीक्षण करने उपरांत ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि यथासंभव पेयजल समस्या का निराकरण किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि पेयजल जीवन की जरूरत से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय है। इसको दृष्टिगत रखते हुए पेयजल वितरण को प्राथमिकता में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए की हर हाल में पेयजल वितरण व्यवस्था सुचारू और अबाध बनी रहे। साथ ही इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी हो। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था को हर हाल में सुचारू बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखें कि सभी गांवों में पेयजल योजना सतत चालू रहे। अगर किसी कारण से पेयजल योजना बंद होती है तो उसकी वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण, एवं स्वचछ पेयजल की आपूर्ति हो। दूषित पेयजल का वितरण किसी भी हाल में नहीं हो।

**पानी को बर्बाद न करें**

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने लोगों से जल संरक्षण करने व पानी की बर्बादी रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हवा के बाद पानी दूसरा महत्वपूर्ण संसाधन इंसान को दिया है। पानी के बगैर धरती पर इंसान का अस्तित्व नहीं हो सकता और न ही पानी को विज्ञान की मदद लेकर कृत्रिम तरीके से दोबारा बनाया जा सकता। एसडीएम ने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि लोग अपनी जरुरत पूरी होने पर नल खुला छोड़ देते है। जबकि कई जगहों पर पानी का दबाव इतना कम होता है कि वह अपने आप आखिरी व्यक्ति तक पहुंच नहीं पाता। पानी के नल पर हमेशा टूंटी का प्रयोग करें और पानी की जरूरत पूरा होने पर इसे बंद कर देना चाहिए ताकि अन्य जरूरतमंद को भी पानी मिल सके।